# गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में चीते

## प्रलिमि्स के लयि:

चीता पुनःवापसी योजना, कूनो-पालपुर राष्ट्रीय उद्यान (KNP), CITES, प्रोजेक्ट चीता, गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य।

## मेन्स के लयि:

भारत में चीता स्थानांतरण से संबंधति चुनौतयिाँ, जैववविधिता का महत्त्व, अनुवांशकिी, प्रजातयिाँ, पारस्थितिकिी तंत्र।

स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में मध्यप्रदेश सरकार ने जानकारी दी है कि उन्होंने **गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य (GSWS)** में अफ्रीका से **चीतों की पुनःवापसी** की अपनी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं।

- यह कूनो राष्ट्रीय उद्यान (KNP) के बाद भारत में चीतों का दूसरा घर होगा।

## प्रोजेक्ट चीता:

- **प्रोजेक्ट का पहला चरण** वर्ष 2022 में प्रारंभ हुआ, जसिका उद्देश्य **वर्ष 1952 में देश में वलिुप्त घोषति** कयि गए चीतों की आबादी को बहाल करना है।
  - इसमें **दक्षणि अफ्रीका** और **नामीबयि से चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान** में स्थानांतरति करना शामलि है।
  - यह प्रोजेक्ट NTCA द्वारा मध्यप्रदेश वन वभिाग और भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) के सहयोग से कार्यान्वति कयिा जा रहा है।
- प्रोजेक्ट के **दूसरे चरण** के तहत भारत **केन्या** से चीतों को मंगाने पर वचिार कर रहा है, क्योंकि वहाँ भी उनके आवास समान हैं।
  - चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान और **गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य (मध्य प्रदेश)** में स्थानांतरति कयिा जाएगा।

## गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य से संबंधति प्रमुख तथ्य क्या हैं?

- **स्थान:**
  - वर्ष 1974 में अधसिूचति, पश्चमिी मध्यप्रदेश के **मंदसौर** और **नीमच** ज़लि, जसिमें राजस्थान के सीमा क्षेत्र भी शामलि है।
  - **चंबल नदी**, अभयारण्य को लगभग दो समान भागों में वभिाजति करती है, जसिमें गांधी सागर बाँध अभयारण्य के भीतर स्थति है।
- **पारस्थितिकिी तंत्र:**
  - इसके पारस्थितिकिी तंत्र की वशिषेता इसके **चट्टानी क्षेत्रों के साथ-साथ उथली मृदा** है, जो **सवाना पारस्थितिकिी तंत्र** को संदर्भति करती है।
  - इसमें शुष्क पर्णपाती वृक्षों एवं झाड़यिों से **घरि खुले घास के मैदान** शामलि हैं। इसके अतरिक्ति, अभयारण्य के भीतर नदी घाटयिाँ सदाबहार हैं।
- **चीतों के लयि आदर्श पर्यावास:**
  - केन्या के सुप्रसद्धि **मसाई मारा** राष्ट्रीय अभयारण्य से समानता के कारण, जो अपने सवाना घास के मैदानों एवं पशुओं की प्रचुरता के लयि वखि्यात है, यह अभयारण्य चीतों के लयि वशिष स्थान रखता है।

//


Bharatpur
Agra
Jaipur
Chambal Sanctuary
Gwalior
Ranthambore
Kuno Palpur Sanctuary
UTTAR PRADESH
Datia
RAJASTHAN
Shivpuri
Jhansi
Chitrakoot
Varanasi
Madhav National Park
Orchha
Khajuraho
Chittorgarh
Panna National Park
Gandhi Sagar WLS
Udaipur
Chanderi
MADHYA PRADESH
Udaigiri Gyraspur Caves
Bandhavgarh National Park
Sanchi
Ujjain
Bhopal
Jabalpur
GUJARAT
Indore
Bhojpur
Amarkantak
Bhimbetka
Mandu
Satpura National Park
Pachmarhi
Bagh Caves
Kanha National Park
CHATTISGARH
Maheshwar
Omkareshwar
Pench National Park
Burhanpur
Nagpur
Raipur
MAHARASHTRA
Ajanta Caves


Long, slim body
Medium sized head
Long tail & slim legs
Leopard




## चीतों के बारे में कुछ प्रमुख तथ्य:

- **प्रजनन एवं परिपक्वता:** चीते वर्ष भर प्रजनन करते हैं, वर्षा के मौसम में इनका प्रजनन चरम पर होता है। मादाएँ 20-24 महीनों में यौन परिपक्वता तक पहुँचती हैं, जबकि नर बाद में 24-30 महीनों में परिपक्व होते हैं।
- **गर्भधारण और प्रसव:** गर्भधारण अवधि **लगभग 90-95 दिनों** तक रहती है, जिसमें **सामान्यतः 3-5 शावक** होते हैं।
- **स्वरोच्चार:** शेर एवं बाघ जैसी **अन्य बड़ी बिल्लियों के विपरीत, चीता दहाड़ता नहीं** है। वे विभिन्न स्वरों के माध्यम से संवाद करते हैं, जिनमें ऊँची-ऊँची चहचहाहट या भौंकना भी शामिल है।
- **क्षेत्रीय व्यवहार:**
  - चीते आमतौर पर **एकांतवासी** होते हैं और **अपने क्षेत्र को चिह्नित करने के लिये अनेक तरीकों का उपयोग** करते हैं, जैसे **पेड़ों या चट्टानों पर खरोंच के निशान बनाना** तथा **मूत्र के छिड़काव** या **वस्तुओं पर अपना गाल रगड़कर** गंध को चिह्नित करते हैं।
  - वे अन्य चीतों को **अपनी उपस्थिति के बारे में चेतावनी देने तथा क्षेत्र स्थापित करने** के लिये **"रुककर भौंकने (stutter bark)"** जैसी आवाज़ें भी निकालते हैं।
- **गति और शिकार:**
  - चीता सबसे तेज़ ज़मीनी जानवर है, जो कम समय में **120 किमी/घंटा** की गति तक पहुँचने में सक्षम है और केवल **3 सेकंड में 0 से 100 किमी/घंटा** की रफ्तार पकड़ सकता है।
  - ये अपने शिकार को फँसाने के लिये अपने अर्द्ध-आकुंचन (Semi-Retractable) पंजों के साथ "ट्रिपिंग" नामक एक अद्वितीय अनुकूलन का उपयोग करते हैं।
  - अपनी गति के बावजूद, इनकी **शिकार सफलता दर केवल 40-50%** है।
- **चीता की संरक्षण स्थिति:**
  - **IUCN रेड लिस्ट में असुरक्षित**
  - **वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची 2**
  - **CITES का परिशिष्ट I**




**गांधी सागर को चीता आवास बनाने में क्या चुनौतियाँ हैं?**

- **अपर्याप्त शिकार आधार:** वर्तमान शिकार संख्या **(चीतल, काला हिरण, चिंकारा)** चीतों के लिये अपर्याप्त है। चीतों के शिकार के लिये शिकार जानवरों की संख्या बढ़ाना उनके सतत् अस्तित्व के लिये महत्त्वपूर्ण है।
    - **चीता गठबंधन परिवार के लिये लगभग 350 खुर वाले जानवरों** की आबादी की आवश्यकता है। खुर वाले जानवर जानवरों के एक विविध समूह के सदस्य हैं, जैसे कि खुर वाले बड़े स्तनधारी (जैसे- हिरण) आदि।
    - GSWS में तेंदुआ एक ही शिकार के लिये प्रतिस्पर्द्धा के माध्यम से चीतों के लिये खतरा उत्पन्न कर सकता है।
- **निवास स्थान में परिवर्तन**: केन्या से भारत में स्थानांतरित किये गए चीतों के बाल**अफ्रीकी शीतकाल** के लिये मोटे हो सकते हैं, **जिसकी भारत की जलवायु में आवश्यकता नहीं है।**
    - इससे उन्हें असुविधा हो सकती है और नए वातावरण में ढलने तक उनके लिये समायोजित होना कठिन हो सकता है।
- **मानव बस्ती से निकटता**: कुनो के विपरीत, गांधी सागर में संरक्षित क्षेत्र की सीमा के ठीक बाहर राजमार्ग एवं मानव बस्तियाँ इस संदर्भ में चुनौतियाँ पेश कर सकती हैं।
- **संक्रमण के प्रति संवेदनशीलता:** चीतों के स्थानांतरण पर अंतिम निर्णय मानसून के मौसम के बाद लेना उचित होगा, क्योंकि इस समय बिल्ली प्रजातियाँ संक्रमण के प्रति संवेदनशील हो सकती हैं।

## कुनो नेशनल पार्क:

- यह **मध्य प्रदेश** में स्थित है।
- इसे शुरू में **वर्ष 1981 में एक वन्यजीव अभयारण्य** के रूप में स्थापित किया गया था।
- इसे बाद में **वर्ष 2018 में एक राष्ट्रीय उद्यान** के रूप में नामित किया गया था।
- यह **खटियार-गिर शुष्क पर्णपाती वनों** के तहत शामिल है।

**दृष्टि मेन्स प्रश्न:**

भारत में चीतों की पुनःवापसी से संबंधित चुनौतियों एवं निहितार्थों पर चर्चा कीजिये। यह पहल जैवविविधता संरक्षण तथा पारिस्थितिकी तंत्र संतुलन को किस प्रकार प्रभावित करती है?

### UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. निम्नलिखित पर विचार कीजिये: (2012)**

1. ब्लैक नेक्ड क्रेन
2. चीता
3. उड़न गिलहरी
4. हिम तेंदुआ

**उपर्युक्त में से कौन-से स्वाभाविक रूप से भारत में पाए जाते हैं?**

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cheetahs-in-gandhi-sagar-wildlife-sanctuary